लामबंद | प्रमोशन में हमें शामिल न करना भेदभाव, प्रोटेक्शन एक्ट लागू हो

# तीन दिवसीय सामूहिक अवकाश का पटवारियों ने किया ऐलान



**नवभारत, खैरलांजी।** तहसिल क्षेत्र अंतर्गत 86 ग्रामो के 42 पटवारियों ने सामूहिक रुप से तहसिलदार तीरथ अक्षरिया व नायब तहसीलदार दुलारे सिंह परते को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। पटवारी संघ की तरफ से यह बताया गया है कि प्रदेश के पटवारी संवर्ग की वर्षो लंबित 5 सूत्रीय मांगो के समाधान के लिए पटवारियो ने 15 जुलाई से 17 जुलाई तीन दिन सामूहिक अवकाश का ऐलान कर दिया है ।यदि उनकी पांच प्रमुख मांगे नहीं मानी जाती है तो प्रदेशभर में चरणबद्ध और व्यापक आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी गई है। इसी तारतम्य में खैरलांजी तहसिल क्षेत्र के पटवारी संघ ने लामबंद होकर सामूहिक अवकाश पर चले जाने ज्ञापन दिया है।

मध्यप्रदेश शासन द्वारा पटवारी संवर्ग की वर्षों से लंबित मांगों के निराकरण में हो रही लगातार देरी, पदोन्नति से वंचित रखने तथा सेवा संबंधी समस्याओं के समाधान नहीं होने से प्रदेशभर का पटवारी संवर्ग आक्रोशित हो गये है। इसके बाद पटवारी संघ के कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष शिफिल धमगाये का कहना है कि संगठन पिछले कई वर्षों से अपनी न्यायोचित मांगों को शासन के समक्ष विभिन्न माध्यमों से उठाता रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा नवंबर 2025 में महाधिवेशन के लिए समय देने तथा तिथि पृथक से तय कर सूचित करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन आज तक न तो महाधिवेशन की तिथि घोषित की गई और न ही पटवारियों की लंबित मांगों पर कोई ठोस निर्णय लिया गया। इससे पूरे प्रदेश का पटवारी संवर्ग स्वयं को उपेक्षित एवं शोषित महसूस कर रहा है।

पटवारियों के कैडर का रिव्यू किया जाए, उन्हें प्रमोशन का मौका मिले और समयमान वेतनमान दिया जाए। हाल ही में हुए प्रमोशनों में पटवारियों को शामिल न किए जाने से वे इसे अपने साथ भेदभाव मान रहे हैं।

नायब तहसीलदार के लिए विभागीय परीक्षा जल्द कराई जाए और पटवारियों के लिए प्रोटेक्शन एक्ट लागू हो।

काफी समय से रुके हुए वित्तीय भुगतानों को तुरंत किया जाए और संघ के पदाधिकारियों के गलत तरीके से किए गए तबादले रद्द हों।

### 7 दिन का अल्टीमेटम, फिर आंदोलन

ज्ञापन में स्पष्ट कहा गया है कि यदि सात दिनों के भीतर शासन द्वारा पांचों मांगों के संबंध में सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो 15 जुलाई से 17 जुलाई 2026 तक प्रदेशभर के पटवारी सामूहिक अवकाश लेकर सांकेतिक आंदोलन करेंगे। इसके बाद आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।



# नशा मुक्ति अभियान : पुलिस ने निकाली जागरूकता रैली

▶ स्कूलों और ग्राम पंचायतों में दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

**नवभारत, परसवाड़ा।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित 'नशे से दूरी है जरूरी - नशा मुक्ति अभियान 2.0' के तहत बुधवार को थाना परसवाड़ा पुलिस ने क्षेत्र में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सांदीपनी विद्यालय, ग्राम पंचायतों तथा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया।

अभियान के तहत परसवाड़ा पुलिस एवं सांदीपनी विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने संयुक्त रूप से विशाल जागरूकता रैली निकाली। रैली सांदीपनी विद्यालय से प्रारंभ होकर बिजाटोला चौराहा, बैठकी बाजार, जनपद पंचायत कार्यालय होते हुए थाना परिसर पहुंची। इस दौरान विद्यार्थियों ने 'नशे से दूरी है जरूरी ', 'नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो' सहित विभिन्न जनजागरूकता नारों के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन अपनाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों को नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्परिणामों की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही सभी को आजीवन किसी भी प्रकार का नशा नहीं करने तथा अपने परिवार, समाज और आने वाली पीढ़ी को नशा मुक्त बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की नशा मुक्ति शपथ भी दिलाई गई।

मीडिया से चर्चा करते हुए नवागत नगर निरीक्षक अनुप नामदेव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक बालाघाट के निर्देशन में 15 जुलाई से 30 जुलाई तक जिलेभर में 'नशे से दूरी है जरूरी-2.0' अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत स्कूलों, महाविद्यालयों, ग्राम पंचायतों, बस स्टैंड, बाजार, व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लगातार जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### एक नजर में

## मोबाइल हैंक होते ही खाते से उड़ी रकम

**नवभारत, जबलपुर।** रांझी थाना थाना अंतर्गत रविदास नगर से एक युवक का मोबाइल महज 15 मिनट के लिए हैंक हुआ और उसके बैंक खाते से करीब 50 हजार रुपये पार कर दिए गए। पुलिस के मुताबिक रविदास नगर निवासी राजेन्द्र चौधरी एक प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं। वे अपने घर पर मोबाइल चला रहे थे। इसी दौरान अचानक उनका फोन पूरी तरह हैंग हो गया और स्क्रीन बंद हो गई। करीब 15 मिनट तक कोशिश करने के बाद मोबाइल अपने आप दोबारा चालू हुआ। उस वक्त राजेन्द्र को अंदाजा भी नहीं था कि इस 15 मिनट के भीतर उनका पूरा बैंक खाता खंगाला जा चुका है ।उनके खाते से 49,660 की रकम ऑनलाइन ट्रांसफर कर ली गई । शुरुआती जांच में पता चला है कि यह राशि उत्तर प्रदेश के किसी अज्ञात व्यक्ति के बैंक खाते में ट्रांसफर हुई है।

## शराब दुकान में ढाबा संचालक का हंगामा, दो कर्मियों को पीटा

**नवभारत, जबलपुर।** कुण्डम थाना अंतर्गत तिलसानी में ढाबा संचालक ने शराब दुकान में हंगामा करते हुए दो कर्मियों के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मनीष जयसवाल पिता राजेश जयसवाल 32 वर्ष निवासी कुण्डम ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे तिलसानी में शराब के दुकाम में काम करता है। बीती रात्रि करीब 11 बजे वे साथी कर्मचारी राहुल राजपूत तिलसानी शराब दुकान में थे तभी संग्राम ढाबा वाला संग्राम राजपूत शराब दुकान पर आया और चना बेचने की बात पर विवाद करने लगा। इसके बाद डंडे से हमला कर उसे चोट पहुंचा दी। साथी राहुल राजपूत बचाने आया तो संग्राम ने राहुल को भी लात घूसो से मारपीट किया और जान से मारने की धमकी दी।

## जमानत पर छूटे युवक के घर में बदमाशों का उपद्रव, तोड़फोड़

**जबलपुर।** सदर इलाके में बीती रात बदमाशों ने जमकर उत्पाद मचाया। जेल से जमानत पर छूटकर आए एक युवक और उसके मददगार दोस्त को निशाना बनाते हुए चार बदमाशों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ की और बीच-बचाव करने आए युवक के साथ बेरहमी से मारपीट की। पुलिस के मुताबिक सदर निवासी मीता मलिक (34) के पति नीलेश उर्फ बच्चा एक पुराने मामले में जेल में बंद थे। बीती रात उनका साथी शुभम उन्हें जमानत पर रिहा करवाकर घर छोड़ने आया था। नीलेश को घर छोड़कर जब शुभम वापस अपने घर जाने लगा, तभी रास्ते में घात लगाए बैठे नितिन मलिक, सुमरित उर्फ रितिक नन्हेंट, मनोज तामिया और लक्की तामिया ने उसे रोक लिया। बदमाशों के चंगुल से छूटकर शुभम भागते हुए वापस नीलेश के घर पहुंचा और आपबीती सुनाई। परिजनों ने तुरंत घर का मुख्य दरवाजा बंद कर लिया। पीछा करते हुए चारों आरोपी भी वहां पहुंच गए।

# निरीक्षक अजय सिंह गुर्जर संभालेंगे कोतवाली की कमान

## नगर वासियों को नशे के प्रति जागरूक करना ही पहली प्राथमिकता



**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट कोतवाली थाना की कमान अब निरीक्षक अजय सिंह गुर्जर के हाथों में है। पदभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि नगर वासियों को नशे के प्रति जागरूक करना ही पहली प्राथमिक्ता होगी। इसके साथ ही जो भी अवैध रूप से नशे का कारोवार करते हैं, उनकी खैर नहीं, क्योंफि सबसे ज्यादा नशे का शिकार युवा पीढ़ी ही हो रही है और वह नशे के लिए गलत कामों को अंजाम देते हैं और फिर वह एक अपराधी बन जाते हैं। इससे युवा पीढ़ी को सुरक्षित करने के उद्देश्य से ही नशे के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि जो खुले में शराब का सेवन करते हैं, ऐसे सूरा प्रेमियों पर भी कार्रवाई की जाएगी, क्योंकि यह सार्वजनिक और सामाजिक दोनों ही माहौल को खराब करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

निरीक्षक अजय सिंह गुर्जर ने कहा कि 'नशे से दूरी है ज़रूरी' अभियान के तहत स्कूल-कॉलेज, छात्रावास और सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया जाएगा और उन्हें नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं बल्कि पूरे परिवार, समाज और देश को नुकसान पहुंचाता है।

# शपथ ग्रहण समारोह के साथ गुरु पूर्णिमा पखवाड़े का किया गया शुभारंभ



**नवभारत, बालाघाट।** भारतीय संस्कृति में गुरु को ज्ञान, संस्कार एवं जीवन मूल्यों का मार्गदर्शक माना गया है। गुरु शिष्य परंपरा के संवर्धन, शिक्षकों के सम्मान, विद्यार्थियों में संस्कारों के विकास तथा शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रदेश के समस्त शासकीय विद्यालयों में दिनांक 15 जुलाई 2026 से 29 जुलाई 2026 तक 'गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा' का आयोजन लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल के द्वारा दिए गए आदेशानुसार किया जा रहा है ।

'गुरु पूर्णिमा पखवाड़े' का शुभारंभ जिले की नवागत जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती धनश्री जैन एवं श्री मोहित डहेरिया के मुख्य आतिथ्य में हुआ । गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के प्रथम दिवस पर नियमानुसार नवागत जिला शिक्षा अधिकारी महोदया ने सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष विधीवत पूजा अर्चना कर आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत की । पूजा-अर्चना के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने संगीत शिक्षकों के निर्देशन में सरस्वती वंदना व स्वागत गीत की शानदार प्रस्तुति दी तत्पश्चात सांदीपनि विद्यालय बालाघाट के प्राचार्य डॉ. युवराज राहंगडाले ने अतिथिद्वय का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। अतिथियों के स्वागत पश्चात प्राचार्य ने संस्था के उदय एवं उत्तरोत्तर विकास , विस्तार के साथ विद्यार्थियों के वार्षिक परीक्षा परिणाम से अवगत कराया।

# विश्व युवा कौशल दिवस विषय पर पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में संगोष्ठी




**नवभारत, बालाघाट।** आधुनिक समय में रोजगार के लिए जरूरी कौशल में हो रहे बदलाव के साथ विकसित भारत 2047 की संकल्पना को साकार करने के लिए महाविद्यालय कें प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के संरक्षण में एवं 6 एम.पी. बटालियन एनसीसी बालाघाट के कमान अधिकारी वी. के. गुप्ताए के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स में जनजागरूकता एवं कौशल विकसित करने के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यव वक्ताक डॉ. संतोष कुमार लिल्हागरे द्वारा कैडेट्स को विकसित भारत के लिए युवा कौशल एवं उर्जावान नेतृत्वा विकसित करने प्रेरित किया गया। एनएसएस अधिकारी श्री सुखचंद ऐडे द्वारा बताया गया कि भारत विश्वत की सबसे युवा शक्ति वाला देश है और इस युवा शक्ति के उपयोग से विकसित भारत की संकल्प्ना को साकार किया जा सकता है। डॉ. इमरान कुरैशी द्वारा बदलते परिवेश में युवा पीडी में अपनाये जाने वाले नवाचारों को विकास का सारथी बताया । संगोष्ठी का संचालन एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ गजानन कटरे के दिशा-निर्देशन में संपन्न हुआ।

संगोष्ठी में सिनियर अंडर अफसर प्रिंस यादव, आदर्श कुर्वे, तनु काटेकर, शिवम बघेले, एवं अन्यध कैडेट्स उपस्थित रहें। महाविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थि[ ति प्रदान कर सहभागिता किया।

# कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में निकाली गई नशा मुक्ति रैली



**नवभारत, बालाघाट।** 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' नशा उन्मूलन अभियान के तहत बुधकार को शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के प्रथम 15 जुलाई को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना (रा.से.यो.) की कार्यक्रम अधिकारी सुश्री रुचिका धुर्वे के नेतृत्व में स्वयंसेवकों एवं छात्राओं ने नशा मुक्ति रैली निकालकर समाज को नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर ने महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है और जनजागरूकता के माध्यम से ही इस अभियान को सफल बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में भूतपूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. तनुश्री अगासे सहित महाविद्यालय परिवार का सक्रिय सहयोग रहा।

# पुरातत्व संग्रहालय में संवाद आयोजित, सांसद प्रतिनिधि का हुआ अभिनन्दन



**नवभारत, बालाघाट।** इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय बालाघाट में दिनांक 14 जुलाई 2026, दिन मंगलवार, सायं 4-00 बजे से रात्रि बजे तक आवश्यक संवाद आयोजित किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि रुपेश वैद्य सांसद प्रतिनिधि, अध्यक्षता डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार संग्रहाध्यक्ष इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय, विशिष्ट अतिथियों में राजेन्द्र सिंह ठाकुर, गणेश अग्रवाल,किशोर आहूजा,दिलीप कुमार सोनी, अन्नत चौधरी थे। संचालन दिनेश कुमार नेमा ने किया। उक्त अवसर पर समस्त अतिथियों का स्वागत संग्रहालय परिवार द्वारा गया। आवश्यक संवाद की कड़ी में डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार संग्रहाध्यक्ष ने अपनी पुरातत्व यात्रा से जिले की पुरातात्विक महत्व की धरोहर से परिचित करवाते हुए, पुरातत्व धरोहरों संरक्षित और पुरातत्व संग्रहालय को और आकर्षक बनाने की बात कही। सांसद प्रतिनिधि रुपेश वैद्य ने कहा जिले का एक मात्र संग्रहालय जो विश्व में पहचाना जाता है। जो गौरव की बात है।

# नशा मुक्ति और एचआईवी जागरूकता पर कटंगी में कार्यशाला




**नवभारत कटंगी।** 15 जुलाई 2026 को आईसीटीसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटंगी द्वारा आउट रीच एक्टिविटी के अंतर्गत नशा मुक्ति और एचआईवी/एड्स जागरूकता को लेकर दो अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**कटंगी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यशाला** -सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटंगी में आयोजित कार्यशाला में खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कटंगी और एसडीओपी कटंगी विवेक शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यशाला में एसडीओपी विवेक शर्मा ने नशा मुक्ति के दुष्प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशे के कारण न केवल स्वास्थ्य खराब होता है बल्कि अपराध भी बढ़ते हैं। नशा मुक्ति केंद्र की सेवाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं, स्वास्थ्य कर्मचारियों, नगर पालिका कर्मचारियों और उन वर्गों को चिन्हित कर शिविर लगाने पर जोर दिया जहां नशे की समस्या अधिक है। साथ ही छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रखने के लिए स्कूल-कॉलेज स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने की कार्ययोजना बनाई गई। कार्यशाला में एचआईवी/एड्स पर भी चर्चा की गई। आईसीटीसी प्रभारी द्वारा एचआईवी के कारण, लक्षण, बचाव और निशुल्क हेल्पलाइन नंबर 1097 की जानकारी दी गई। साथ ही आईसीटीसी केंद्र में उपलब्ध निशुल्क जांच और परामर्श सुविधाओं के बारे में बताया गया ।नशा मुक्ति केंद्र के साथ-साथ एचआईवी टेस्ट किए जाने पर सहमति बनी। इसके तहत18 जुलाई को विशाल स्वास्थ्य केंद्र सीवर कटंगी में एचआईवी जांच शिविर आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया।

निरीक्षण | स्थानीय रोजगार, जल संरक्षण और पर्यावरण मानकों की अनदेखी का आरोप

# वारासिवनी के दो एथेनॉल प्लांट का विधायकों ने किया निरीक्षण



**नवभारत, वारासिवनी।** एमपी के बालाघाट जिले से एफसीआई गोदाम से छिंदवाड़ा एथेनॉल प्लांट को सप्लाई हुए शासकीय चावल बाहर के बाहर मिलरों के यहां खपाए जाने का मामला सुर्खियों में है। वहीं कांग्रेस के दो विधायकों ने वारासिवनी क्षेत्र की दो प्रमुख इथेनॉल प्लांटों 'जैक्सन बासीगांव' और 'विसाग बायो फ्यूल खापा' का औचक निरीक्षण किया।

बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे और वारासिवनी विधायक विवेक विक्की पटेल का यह निरीक्षण तब हुआ जब कांग्रेस प्रदेशाधक्ष और नेता प्रतिपक्ष ने निर्देश दिया। हालांकि विधायकों ने इन दोनों प्लांट में चांवल सप्लाई की अनियमितता हुई या नहीं को लेकर कोई टिप्पणी नहीं की है और कहा कि एसआईटी जांच हो रही है। जिसकी रिपोर्ट आने पर वे कुछ अवश्य कहेंगे। लेकिन एथेनॉल प्लांटों में स्थानीय रोजगार, जल संरक्षण और पर्यावरण मानकों की अनदेखी होने का आरोप जरूर लगाया गया है।

निरीक्षण के संबन्ध में विधायक अनुभा मुंजारे ने गंभीर आरोप लगाया कि इन प्लांटों में स्थानीय युवाओं को रोजगार के अपेक्षित अवसर नहीं मिल रहे हैं। इसके विपरीत, उत्तर प्रदेश, बिहार और गोंदिया के श्रमिकों को बड़ी संख्या में काम पर रखा गया है। वहीं प्लांटों में प्रतिदिन होने वाले जल उपयोग, उसके स्त्रोत और जल संरक्षण के उपायों की जानकारी मांगी। साथ ही वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट, वायु प्रदूषण नियंत्रण और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था पर भी जवाब तलब किया गया लेकिन वहां के मैनेजर के द्वारा किसी भी सवाल का जवाब संतोषप्रद नही दिया गया। विधायक अनुभा मुंजारे ने बताया कि प्लांट में निरीक्षण को लेकर जिले के सभी चारों कांग्रेस विधायक एक रिपोर्ट तैयार कर आगामी कांग्रेस विधायक दल की बैठक मे प्रदेशाधक्ष और नेता प्रतिपक्ष को प्रस्तुत करेंगे।

# नशे से दूरी है जरूरी, कटंगी में नशामुक्ति अभियान का आगाज

▶ 15 दिन में 2 लाख लोगों तक पहुंचाने का लक्ष्य



**नवभारत कटंगी ।** मध्यप्रदेश शासन के नशामुक्ति जागरूकता अभियान के दूसरे चरण का शंखनाद कटंगी में हो चुका है। 15 दिनों में 2 लाख लोगों तक जागरूकता पहुंचाने के संकल्प के साथ कटंगी पुलिस मैदान में उतर चुकी है।

मंगलवार 15 जुलाई 2026 को पुलिस थाना कटंगी में इस अभियान को लेकर पत्रकारों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीओपी कटंगी विवेक कुमार शर्मा और थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुशराम विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**अभियान की मुख्य रणनीति**

बैठक में एसडीओपी शर्मा ने बताया कि नशामुक्ति को जन-आंदोलन बनाने के लिए हर वर्ग को साथ जोड़ा जाएगा।

**सबकी सहभागिता:** छात्र, शिक्षक, व्यापारी, सरकारी-निजी कर्मचारी और पत्रकार मिलकर गांव-गांव, मोहल्ले-मोहल्ले तक संदेश पहुंचाएंगे।

**प्रचार के माध्यम:** शहर के चौक-चौराहों पर एलईडी स्क्रीन, नुक्कड़ नाटक, जागरूकता रैलियां और पोस्टर-बैनर के माध्यम से नशे के दुष्प्रभाव बताए जाएंगे। इलाज और काउंसलिंग जो लोग नशे के आदी हो चुके हैं उन्हें चिन्हित कर उचित उपचार और काउंसलिंग के माध्यम से मुख्यधारा में वापस लाया जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग और स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग लिया जाएगा।

**नशा समाज के लिए खतरा**

एसडीओपी ने कहा कि 'नशा केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि उसके पूरे परिवार, समाज और राष्ट्र को खोखला करता है। युवा पीढ़ी को नशे से बचाना हमारी प्राथमिकता है।'

थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुशराम ने कहा कि पुलिस अवैध नशे के कारोबार पर भी सख्त कार्रवाई करेगी। साथ ही आमजन से अपील की कि नशे से जुड़ी किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

- ❒ नशामुक्ति अभियान – 2.0
- ❒ अवधि : 15 दिन
- ❒ लक्ष्य : 2 लाख लोगों तक जागरूकता
- ❒ माध्यम : रैली, नुक्कड़ नाटक, एलईडी,
- ❒ पोस्टर, स्कूल-कॉलेज सेमिनार
- ❒ सहयोगी : पुलिस, प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, मीडिया, आमजन